**NEWS CLIPPING: 29.03.2018**

**NAV BHARAT TIMES**

# 'बिजनेस आइडिया पर गंभीरता से काम करने की है जरूरत'

■ एनबीटी न्यूज, फरीदाबाद

**वाईएमसीए साइंस** एंड टेक्नॉलजी यूनिवर्सिटी के तत्वावधान में तेजी से बदलते समय के लिए तैयारी विषय को लेकर एमएसएमई कॉन्क्लेव-2018 का आयोजन किया गया। जिसमें लगभग 150 एमएसएमई उद्योग के प्रतिनिधियों, एल्यूमिनाई व स्टूडेंट्स ने हिस्सा लिया। इस मौके पर स्टूडेंट को स्टार्टअप और नए बिजनेस आइडिया शुरू करने की जानकारी दी गई। टीईक्यूआईपी-3 परियोजना के तहत आयोजित कार्यक्रम का उद्देश्य स्टूडेंट्स को उद्यमिता के लिए प्रोत्साहित करना था। जिसकी शुरुआत मुख्य अतिथि हरियाणा विश्वकर्मा कौशल यूनिवर्सिटी के कुलपति राज नेहरू ने की। जबकि अध्यक्षता के वाईएमसीए के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने की।



प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत करते कुलपति प्रो. दिनेश कुमार

फरीदाबाद लघु उद्योग संघ के अध्यक्ष राजीव चावला ने कहा कि बिजनेस आइडिया को लेकर गंभीरता से काम करने की जरुरत है। इस दौरान वाईएमसीए यूनिवर्सिटी और आईएमएसएमई आफ इंडिया के बीच एक समझौता ज्ञापन भी किया गया, जिसका उद्देश्य स्टूडेंट्स की रोजगार क्षमता को बढ़ाने और उनके कौशल विकास के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन करना है।

**NEWS CLIPPING: 29.03.2018**

**DAINIK BHASKAR**

# कॉन्क्लेव 2018: स्टूडेंट्स ने दी स्टार्टअप पर प्रजेंटेशन
# इलेक्ट्रोसाइंथसिस प्रोजेक्ट को मिला पहला स्थान

## वाईएमसीए यूनिवर्सिटी में एमएसएमई कॉन्क्लेव 2018 का आयोजन, स्टूडेंट्स ने दिया बेहतरीन प्रजेंटेशन

भास्कर न्यूज | फरीदाबाद

वाईएमसीए यूनिवर्सिटी की ओर से 'तेजी से बदलते समय के लिए तैयारी' विषय पर बुधवार को एमएसएमई कॉन्क्लेव -2018 का आयोजन किया गया। इसमें विद्यार्थियों को स्टार्टअप व नए बिजनेस आइडिया पर काम करने के लिए प्रेरित किया गया। इसमें 150 एमएसएमई उद्योगों के प्रतिनिधियों, एलुमनी व विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। कॉन्क्लेव के आयोजन में बिजनेस स्टैंडर्ड व आईएमएसएमई ऑफ इंडिया का भी सहयोग रहा। इस मौके पर वाईएमसीए व आईएमएसएमई ऑफ इंडिया के बीच एक समझौता ज्ञापन भी हस्तांतरित किया गया।

### परंपरागत नौकरी खत्म हो रही है

कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में हरियाणा विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के कुलपति राज नेहरू मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने कहा कि बिजनेस के नए मॉडल विकसित होने के परिणामस्वरूप प्रत्येक क्षेत्र में बदलाव व आधुनिकीकरण हुआ है। दबाव बढ़ रहा है। यह देखा जा रहा है कि नौकरियों की संख्या नहीं बढ़ रही है। नौकरी में नई भूमिका विकसित हो रही है। परंपरागत नौकरी खत्म होती जा रही है।



फरीदाबाद. वाईएमसीए विश्वविद्यालय में एमएसएमई कॉन्क्लेव-2018 पैनल चर्चा में हिस्सा लेते हुए कुलपति प्रो. दिनेश कुमार, कुलपति राज नेहरू ,उद्योगपति राजीव चावला व अन्य।

### स्टूडेंट्स ने दिए स्टार्टअप पर नए विचार

इस दौरान से नई तकनीकों, विमुद्रीकरण, जीएसटी, डिजिटलाइजेशन व वित्तीय उपलब्धताओं जैसे विषयों पर पैनल चर्चा की गई। इस मौके पर स्टार्टअप को लेकर विद्यार्थियों के नवीनतम विचारों को प्रोत्साहित करने के लिए एक प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। इसमें विद्यार्थियों से नए व्यवसायों को लेकर उनके विचारों को पोस्टर प्रजेंटेशन के माध्यम से आमंत्रित किया गया था। प्रतियोगिता में पहला पुरस्कार अभिषेक कुमार, मनोज कुमार व पुष्पेंद्र की टीम के 'इलेक्ट्रोसाइंथसिस' प्रोजेक्ट को मिला। इसी प्रकार 'सस्टेनेबल सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट' व 'सिग्नल आन व्हील' प्रोजेक्ट्स को क्रमशः दूसरा व तीसरा पुरस्कार दिया गया। कॉन्क्लेव के समापन पर प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।

**NEWS CLIPPING: 29.03.2018**

## PUNJAB KESARI

# लघु एवं मध्यम उद्योगों में सुधार की जरूरत

## 'तेजी से बदलते समय के लिए तैयारी' पर एमएसएमई कॉन्क्लेव-2018 का आयोजन

### उद्योगों की जरूरतों को पूरा करने के लिए शिक्षण संस्थानों को देना होगा योगदान: दिनेश



वाईएमसीए में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते हुए अतिथि।

फरीदाबाद, 28 मार्च (सूरजमल): वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, फरीदाबाद द्वारा 'तेजी से बदलते समय के लिए तैयारी' विषय को लेकर आज एमएसएमई कॉन्क्लेव-2018 का आयोजन किया गया। कॉन्क्लेव में विद्यार्थियों को स्टॉर्टअप तथा नए बिजनेस आइडिया पर काम करने के लिए प्रेरित किया गया।

इस कॉन्क्लेव का आयोजन टीईक्यूआईपी-3 परियोजना के तहत विद्यार्थियों को उद्यमिता के लिए प्रोत्साहित करने तथा उनके अभिनव विचारों को सार्थक व्यवसाय में परिवर्तित करने के लिए मंच प्रदान करने के उद्देश्य से किया गया। कॉन्क्लेव में लगभग 150 एमएसएमई उद्योग के प्रतिनिधियों, एलुमनी तथा विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। कॉन्क्लेव के आयोजन में बिजनेस स्टैंडर्ड और आईएमएसएमई ऑफ इंडिया का भी सहयोग रहा। कॉन्क्लेव के उद्घाटन सत्र में हरियाणा विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के कुलपति राज नेहरू मुख्य अतिथि रहे। सत्र की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने की। फरीदाबाद लघु उद्योग संघ के अध्यक्ष राजीव चावला, मेलको इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक वीके मलिक तथा टैक्समन पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के हेड टैक्सेशन आदित्य सिंघानिया सत्र में विशेषज्ञ वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्वलन द्वारा हुआ।

एलुमनी व कारपोरेट अफेयर सेल के निदेशक डॉ. संजीव गोयल ने एमएसएमई कॉन्क्लेव के बारे में जानकारी दी तथा इसके उद्देश्यों के बारे में बताया। कॉन्क्लेव को संबोधित करते हुए प्रो. दिनेश कुमार ने बताया कि यह प्रसन्नता का विषय है कि विश्वविद्यालय के विद्यार्थी लघु एवं मध्यम उद्योगों में रुचि ले रहे हैं तथा फरीदाबाद के औद्योगिक विकास में वाईएमसीए के विद्यार्थियों की अहम भूमिका रही है।

पंजाब केसरी ई-पेपर
Thu, 29 March 2018
epaper.punjabkesari.in//c/27534075

## HINDUSTAN

### वाईएमसीए में हुआ आईएमएसएमई कॉन्क्लेव-2018 का आयोजन, स्टार्ट अप प्रोजेक्ट के तीन विजेताओं को पुरस्कार मिले

# पौधों से बिजली बनाने का प्रस्ताव सबको भाया

कॉन्क्लेव

फरीदाबाद | कार्यालय संवाददाता

वाई-फाई तकनीक को लाई-फाई से बदलकर बेहतरीन सुविधाएं देने की बात हो या फिर महानगरों में प्रदूषण का स्तर घटाने को इलेक्ट्रिक वाहन का विचार, बिजनेस को डिजिटल मीडिया से फैलाने का सुझाव हो या फिर बसों के ट्रैकिंग सिस्टम को मजबूत बनाने का प्रस्ताव। छात्रों के कुछ ऐसे ही प्रोजेक्ट ने अतिथियों का खूब दिल जीता।

मौका था वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में बुधवार को 'तेजी से बदलते समय के लिए तैयारी' विषय पर हुए एमएसएमई कॉन्क्लेव-2018 के आयोजन का। दरअसल, विद्यार्थियों की स्टार्ट अप क्षमता को बढ़ावा देने और लघु व सूक्ष्म उद्यमियों की समस्याओं के समाधान के लिए इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। आईएमएसएमई आफ इंडिया और बिजनेस स्टैंडर्ड के साथ मिलकर हुए इस कार्यक्रम की शुरुआत कौशल विश्वविद्यालय के कुलपति राज नेहरू और कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने की।

मौके पर फरीदाबाद लघु उद्योग संघ के अध्यक्ष राजीव चावला, मेलको इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक वीके मलिक, टैक्समन पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के हेड टैक्सेशन आदित्य सिंघानिया आदि शामिल रहे।



वाईएमसीए में आयोजित कॉन्क्लेव के दौरान बुधवार को बेहतरीन स्टार्ट अप आइडिया को कुलपति ने सम्मानित किया। • हिन्दुस्तान

### युवा स्टार्ट अप के लिए विचारों पर काम करें

फरीदाबाद लघु उद्योग संघ के अध्यक्ष राजीव चावला ने कहा कि छात्रों को स्टार्ट अप शुरू करने के लिए योजना पर काम करना होगा। न्होंने कहा कि बिजनेस आइडिया को लेकर युवाओं गंभीरता से सोचना चाहिए तभी सफलता निश्चित है। साथ ही उन्होंने आईएमएसएमई की ओर से उद्योगों की मदद को योजनाओं पर भी जानकारी दी। वही राज नेहरू ने कहा कि आज डिग्री के बावजूद युवा नौकरी नहीं पाते प्रतिभा में कमी इसकी वजह है। इसलिए शिक्षण संस्थानों को जरूरत के मुताबिक तैयार होना होगा।

### युवाओं के स्टार्ट अप को मिलेगी फंडिंग

संस्थान के अल्युमनाई और कारपोरेट अफेयर सेल के निदेशक डॉ. संजीव गोयल ने बताया कि इस कॉन्क्लेव का उद्देश्य युवाओं की स्टार्ट क्षमता को निखारना था। इसके लिए प्रोजेक्ट आमंत्रित किए गए थे। टॉप-3 स्टार्ट को पुरस्कार मिला है। इन प्रोजेक्ट पर काम करने वाले छात्रों के साथ मिलकर आगे चर्चा की जाएगी। अगर प्रोजेक्ट कमेटी को सफल लगे तो इसकी शुरुआत के लिए संस्थान की ओर से फंडिग भी की जाएगी।

### पाठ्यक्रम बनाने पर जोर

प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि औद्योगिक व अकादमिक के बीच की दूरी को कम करने के लिए साथ मिलकर काम करना जरूरी है। उन्होंने कहा कि लघु व मध्यम उद्योगों की जरूरतों पर चर्चा करने के बाद इस क्षेत्र में प्रभावी योगदान देने के लिए शिक्षण संस्थानों को पाठ्यक्रमों में बदलाव करना होगा। जिससे कि युवाओं को आज की मांग के मुताबिक तैयार किया जा सके।

### विमुद्रीकरण और जीएसटी पर चर्चा

उद्योगों की नई तकनीकों, विमुद्रीकरण, जीएसटी, डिजिटाइजेशन तथा वित्तीय उपलब्धताओं जैसे विषयों पर भी चर्चा की गई। इस दौरान अतिथियों ने उद्यमों पर आए असर के बारे में बताते हुए सकारात्मक और नकारात्मक पहलुओं को सामने रखा। साथ ही उद्यमियों को चुनौतियों से निकलने के लिए ससुझाव भी दिए।

### प्रोजेक्ट-एक इलेक्ट्रोसिंथेसिस

पहला पुरस्कार जीतने वाली टीम ने पर्यावरण को ग्लोबल वार्मिंग से बचाने के लिए पौधों से बिजली तैयार करने का प्रस्ताव सामने रखा। फोटोसिंथेसिस प्रक्रिया के तहत इस योजना पूरा करने की प्रक्रिया समझाई गई थी। टीम में अभिषेक, मनोज कुमार और पुष्पेंद्र शामिल रहे।

### प्रोजेक्ट 2- सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट

दूसरा पुरस्कार कूड़ा निस्तारण के लिए बनाए गए प्रोजेक्ट को मिला। इसमें जागरूकता अभियान चलाकर कूड़े को अलग-अलग करके खाद बनाने की प्रक्रिया को शामिल किया गया था। टीम में सौरव, विकास स्विटी, शिवानी, अंशिका, सोनम, वैशाली, सचिन शमिल रहे।

# YMCA University of Science & Technology

(NAAC Accredited Grade 'A' State University)
Sector 6, Faridabad (HARYANA) – 121006

**NEWS CLIPPING: 29.03.2018**

**HINDUSTAN**



वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के खिलाड़ियों ने दिल्ली में आयोजित फेस्ट में नौ पदक जीते। • हिन्दुस्तान

## वाईएमसीए के खिलाड़ियों ने दिल्ली में नौ पदक झटके

फरीदाबाद | कार्यालय संवाददाता

**शानदार**

- फेस्ट में खिलाड़ियों पांच स्वर्ण, तीन रजत और एक कांस्य जीता
- संस्थान की छात्रा सुदेश का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का खिताब मिला

दिल्ली में हुए ऑल ओपन स्पोर्ट्स फेस्ट में वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के खिलाड़ियों ने नौ पदक जीतकर प्रदेश का नाम रोशन किया है। फेस्ट में खिलाड़ियों पांच स्वर्ण, तीन रजत और एक कांस्य पदक जीते हैं। इसके अलावा संस्थान की छात्रा सुदेश को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का खिताब भी मिला।

दिल्ली के जसोला स्थित नेताजी सुभाष स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में दो 22 और 23 मार्च को ऑल इंडिया ओपन स्पोर्ट्स फेस्ट का आयोजन किया गया था। इसमें देशभर के कॉलेजों और विश्वविद्यालयों से आए खिलाड़ियों ने भाग लिया।

संस्थान के खेल अधिकारी डॉ. राजेश भारद्वाज ने बताया कि एशियन एजुकेशन ग्रुप की ओर से हुए इस फेस्ट में महिला कबड्डी टीम ने स्वर्ण पदक हासिल किया। इसके अलावा खिलाड़ियों ने सौ मीटर दौड़, शॉटपुट, लांग जंप, टेबल टेनिस में पदक जीते।

**AMAR UJALA**

## निर्माणाधीन अंडरपास की सुरक्षा में लगे गार्ड को अधमरा किया

**फरीदाबाद।** वाईएमसीए चौक पर निर्माणाधीन अंडरपास की सुरक्षा में तैनात गार्ड अनिरुद्ध को सोमवार देर रात हथियारबंद तीन बदमाशों ने बेरहमी से पीटा और फरार हो गए। घायल गार्ड को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, पुलिस हमलावरों की तलाश में जुटी है। सिक्सलेन में तब्दील हुए नेशनल हाईवे दो में वायएमसीए चौक के पास लार्सन एंड टूब्रो कंपनी वाहन अंडरपास बना रही है। निर्माण सामग्री आदि की सुरक्षा के लिए कंपनी ने यहां गार्ड्स तैनात कर रखे हैं। सोमवार रात वहां पर्वतिय कॉलोनी निवासी अनिरुद्ध की ड्यूटी थी। रात करीब डेढ़ बजे हथियारबंद तीन बदमाश वहां आए और अनिरुद्ध पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। ब्यूरो